भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2178
गुरूवार, 21 दिसंबर, 2023/30 अग्रहायण, 1945 (शक)

राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल का शुभारंभ

2178. डा. के. लक्ष्मणः
डा. सुधांशु त्रिवेदीः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) शुरू करने के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) एनसीएस पोर्टल की मुख्य विशेषताएं क्या हैं; और

(ग) क्या एनसीएस पर दस लाख सक्रिय रिक्तियां पंजीकृत की गई हैं, यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में पंजीकृत नियोक्ताओं और जुटाई गई रिक्तियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): सरकार द्वारा राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल, रोजगार की खोज एवं मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों पर जानकारी आदि जैसी विभिन्न प्रकार की रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से आरंभ किया था। एनसीएस पोर्टल देश के महत्वाकांक्षी युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर देने तथा करियर विकास की सुविधा एवं रोजगार मिलान हेतु रोजगार चहाने वालों तथा नियोक्ताओं को एक मंच पर लाता है।

एनसीएस पोर्टल की प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

(i) रोजगार चाहने वालों को करियर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए 1100 से अधिक अनुमोदित करियर परामर्शदाता।
(ii) 3600 से अधिक रोजगार भूमिकाओं पर करियर सामग्री का ज्ञान भंडार।
(iii) रोजगार योग्यता अनुपात देखने के लिए ऑनलाइन रोजगार योग्यता कौशल मूल्यांकन।
(iv) डिजिटल और सॉफ्ट स्किल पर ऑनलाइन रोजगार योग्यता वृद्धि प्रशिक्षण का प्रस्ताव दिया गया।
(v) रोजगार चाहने वालों के आंकड़ें को साझा करने के लिए 28 राज्य रोजगार पोर्टल (सीधे एनसीएस पोर्टल का उपयोग करने वाले 7 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों सहित) के साथ एकीकरण।
(vi) रिक्तियों को साझा करने के लिए कई निजी जॉब पोर्टल के साथ एकीकरण।
(vii) नियोक्ताओं के स्वतः पंजीकरण के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल, ईपीएफओ और ईएसआईसी, के साथ एकीकरण।

दिनांक 18.12.2023 को, एनसीएस पोर्टल पर 10.45 लाख से अधिक सक्रिय रिक्तियां हैं। पिछले तीन वर्षों में पंजीकृत नियोक्ताओं और जुटाई गई रिक्तियों का वर्ष-वार विवरण इस प्रकार है:

वर्ष	**एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत नियोक्ता**	**एनसीएस पोर्टल पर जुटाई गईं रिक्तियां**
2020-2021	78,367	12,61,066
2021-2022	52,863	13,46,765
2022-2023	8,19,827	34,81,944

*****